# प्रेस विज्ञप्ति

# जनपद बस्ती

# दिनांक- 11.08.2025

## थाना परसरामपुर पुलिस टीम व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में 01 किलो 10 ग्राम अवैध मॉर्फीन ( अंतर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत लगभग 01 करोड़ से ऊपर) के साथ 02 अभियुक्तों(पति-पत्नी) को किया गया गिरफ्तार-

थाना परसरामपुर पुलिस टीम व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में **दिनांक 10.08.2025 को समय 23.04 बजे रात्रि** में संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना परसरामपुर क्षेत्र अंतर्गत **ग्राम पहाड़गंज मोड से आगे अरजानीपुर रोड** पर स्विफ्ट डिजायर कार (वाहन संख्या UP32HN4983) को रोककर तलाशी ली गयी तो सीट के नीचे प्लास्टिक के झोले से **01 किलो 10 ग्राम अवैध मॉर्फिन (अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय कीमत रूपये 01 करोड़ से ऊपर)** बरामद हुआ। गाड़ी में सवार **1.** रामअधार यादव पुत्र रामनरायन यादव निवासी ग्राम अरजानीपुर थाना परसरामपुर जनपद बस्ती उम्र करीब 32 वर्ष व **2.** गुडिया पत्नी रामअधार निवासी अरजानीपुर थाना परसरामपुर जनपद बस्ती उम्र करीब 30 वर्ष को जुर्म धारा से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया तथा उपरोक्त दोनों के पास गाड़ी के कागजात न होने पर गाड़ी को **धारा 207 MV Act** के तहत सीज किया गया |

**बरामदगी के आधार पर थाना परसरामपुर पर मु0अ0सं0 249/25 धारा 8/21/27 NDPS Act पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है |**

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण -

**1.** रामअधार यादव पुत्र रामनरायन यादव निवासी ग्राम अरजानीपुर थाना परसरामपुर जनपद बस्ती उम्र करीब 32 वर्ष।

**2.** गुडिया पत्नी रामअधार निवासी अरजानीपुर थाना परसरामपुर जनपद बस्ती उम्र करीब 30 वर्ष।

### बरामदगी का विवरण-

**1.** 01 किलो 10 ग्राम नाजायज मॉर्फीन (अंतर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत लगभग 01 करोड़ से ऊपर)।

**2.** स्विफ्ट डिजायर कार संख्या UP32HN4983 (घटना में प्रयुक्त)।

**3.** कुल रुपये 4200/- नगद | **4.** एक अदद मोबाइल वीवो कंपनी।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि जो झोले मे सामान मिला है उसे मैं पीता भी हूं तथा हम दोनो पति-पत्नी बेचते भी हैं। हम लोग इस मार्फिन को बेचकर अपना तथा अपने परिवार का खर्चा चलाते है। हम लोगों का एक संगठित गिरोह है तथा हम लोग लोलपुर गोण्डा के पास से उपरोक्त मार्फिन/स्मैक लेकर आते है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**1.** थानाध्यक्ष परसरामपुर भानु प्रताप सिंह जनपद बस्ती ।

**2.** प्रभारी स्वाट टीम बस्ती उ0नि0 संतोष कुमार जनपद बस्ती।

**3.** उ0नि0 झारखण्डेय पान्डेय थाना परसरामपुर जनपद बस्ती ।

**4.** हे0का0 राघवेन्द्र दुबे, का0 आनन्द यादव, म0का0 शालिनी शुक्ला थाना परसरामपुर जनपद बस्ती ।

**5.** हे0का0 रमेश सिंह, हे0का0 अवनीश कुमार सिंह, का0 किशन सिंह, का0 सुभेन्द्र तिवारी स्वाट टीम बस्ती।

